# छतरपुर में नकली खाद भंडारण पर पुलिस का छापा: मिलावट करके किया जा रहा था सप्लाई, खुली और पैक बोरियां बरामद




**Chhatarpur Fake Fertilizer Raid:** मध्य प्रदेश के छतरपुर में नकली खाद के भंडारण और सप्लाई के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चंद्रपुरा फॉर लाइन के पास छापामार कार्रवाई की है। छापे के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में नकली खाद बरामद हुई, जिसमें खुली और पैक बोरियां शामिल थीं।

पुलिस की इस कार्रवाई का नेतृत्व सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर नकली खाद का स्टॉक जब्त किया और इसकी सूचना तुरंत कृषि विभाग के अधिकारियों को दी।

Source: https://bansalnews.com/mp-chhatarpur-police-fake-fertilizer-raid-farmer-amn/